हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, गुरुवार, 11 जुलाई 2024


तापमान

अधिकतम 38 .1 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री


11 समाधान शिविर में आई 15 शिकायतें






12 ऊंट पर बैठकर आए जिला पार्षद, नारेबाजी




## खबर संक्षेप

### महिला की चेन तोड़कर युवक फरार, केस



**गन्नौर।** पश्चिम बंगाल से अपने रिश्तेदार के पास बीएसटी कॉलोनी में शादी समारोह में आई महिला की बीएसटी कॉलोनी में सड़क पर शाम को घूमते समय बाइक सवार युवक सोने की चेन तोड़कर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर की रहने वाली आशा ने बताया कि 7 जुलाई को अपने परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए बीएसटी में रहने वाले अपने रिश्तेदार के पास आई थी। शिकायत में बताया कि 9 जुलाई को करीब शाम 7 बजे बीएसटी कॉलोनी में बनी मुख्य गली में अपनी सहेली के साथ घुम रही थी। उसी समय एक मोटर साइकिल पर दो नौजवान युवक मोटरसाइकिल पर आए और नीचे उतरकर अचानक मेरी गले में पहनी हुई सोने की चैन को झपट्टा मारकर तोड़ कर ले गया। चेन तोड़ने के बाद युवक मोटरसाइकिल के पीछे बैठकर भाग गया।

### झरोठी में घर से नकदी व जेवरात चोरी

**खरखौदा।** झरोठी गांव में एक मकान से नकदी व जेवरात चोरी हो गए हैं। संजीव ने बताया कि उसके मकान से 15 तोले सोना, पांच जोड़ी चांदी की पाजेब व लगभग 40 हजार रुपए चोरी हो गए हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस द्वारा इस मामले में गहनता से जांच की जा रही है।

### सामान लेने आए चालक की ई-रिक्शा चोरी




**सोनीपत।** पटेल नगर में सामान लेने आए चालक की ई-रिक्शा चोरी हो गई। रिक्शा मालिक की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जाजी निवासी जयपाल ने बताया कि कबीरपुर निवासी रमेश उनकी ई-रिक्शा को किराए पर लेकर चलाते हैं। रमेश बारोटा चौकी के पास मौजूद थे तो एक व्यक्ति ने पटेल नगर से सामान लाने की बात की। जिस पर रमेश पटेल नगर पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति मिला था। वह सामान लोड कराने की बात कहकर रमेश को चाय पिलाने ले गया। जब रमेश वापस आया तो ई-रिक्शा नहीं मिला। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेस को झटका : आज भाजपा में शामिल होंगे मेयर निखिल मदान

## शहर विधायक सुरेंद्र पंवार के साथ अनबन की चर्चाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

लगभग चार साल पहले सोनीपत नगर निगम से पहले मेयर बनने वाले कांग्रेस नेता निखिल मदान आज भाजपाई हो जाएंगें। युवा नेता निखिल मदान वीरवार को दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता लेंगें। इस संदर्भ में बुधवार को मेयर निखिल मदान ने समर्थकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की और इसी बैठक में फैसला किया गया कि वे कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा ज्वाइन करेंगे।

■ 2020 में सोनीपत नगर निगम के मेयर बने थे दीपेंद्र हुड्डा की कोर टीम के सदस्य रहे मेयर निखिल मदान ने शहर के विकास को बताया जरूरी

मेयर निखिल मदान के भाजपा में जाने की चर्चा काफी समय से प्रबल हो रही थी। विशेषतौर पर लोकसभा चुनावों के बाद से इस चर्चा ने बड़ा रूप ले लिया था।

### भाजपा के ललित बतरा को हराया था



2015 में सोनीपत को नगर निगम बनाया गया था। इसके बाद पहला चुनाव दिसंबर 2020 में हुआ। 30 दिसंबर 2020 को इन चुनावों का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कांग्रेस के निखिल मदान ने भाजपा के ललित बतरा को 13 हजार 817 मतों से पटखनी दी थी। निखिल मदान को कुल 72 हजार 118 वोट मिले जबकि भाजपा के ललित बतरा को 58 हजार 301 वोट मिले। मेयर पद के 10 प्रत्याशियों में कांग्रेस व भाजपा को छोड़कर अन्य कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत नहीं बचा पाया था। चुनाव में तीसरे नम्बर पर बसपा के धर्मबीर सरोहा को 4,375, चौथे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी संदीप राणा को 3,004 वोट मिले थे।

### ये चल रही चर्चाएं

मेयर के समर्थकों ने लोकसभा चुनावों के दौरान मेयर को हाशिये पर डालने का आरोप लगाते हुए मान-सम्मान ना मिलने को कांग्रेस छोड़नी की बड़ी वजह बताया है। वहीं दूसरी ओर मेयर निखिल मदान ने कांग्रेस को अलविदा कहने की वजह सोनीपत शहर के विकास को बताया है।

मेयर ने बताया कि सोनीपत नगर निगम का मेयर बनने के बाद से वे शहर में विकास कार्यों को लेकर प्रयासशील रहे हैं। अब भाजपा में जाने के बाद से वे सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के विकास को और ऊंचाई पर ले जा सकेंगें। मेयर निखिल मदान कहते हैं कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के पास शहरी स्थानीय मंत्रालय भी है और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। ऐसे में वे अपने बचे हुए डेढ़ साल के कार्यकाल में सोनीपत की जनता के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करेंगें।

### मदान समर्थकों ने लगाया था साइडलाइन करने का आरोप

कांग्रेस में विधायक सुरेंद्र पंवार के साथ मेयर निखिल मदान के मनमुटाव की चर्चा चलती रहती थी। लगभग डेढ़ साल पहले इसी मसले में दोनों नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दरबार में हाजिरी भी लगाई थी। जहां पर दोनों नेताओं को एक साथ रहकर काम करने की सलाह दी गई थी। वहीं हाल ही में बीते लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस उम्मीदवार के प्रचार को लेकर भी मेयर को हाशिये पर रखने के आरोप लगते आ रहे हैं। इसमें एक बड़ा विवाद उस समय पैदा हुआ था जब राहुल गांधी रैली के लिये सोनीपत पहुंचें थे, उस कार्यक्रम में मेयर समर्थकों ने मेयर को नजरअंदाज करने के आरोप लगाए थे।

### दो साल पहले लिखी गई थी पटकथा

मेयर निखिल मदान की कांग्रेस को छोड़ने की पटकथा लगभग दो साल पहले ही लिखी जा चुकी थी। उस समय सोनीपत नगर निगम के मेयर का पद महिला के लिये आरक्षित कर दिया गया था। ऐसे में निखिल मदान को राजनीति में और विकल्प तलाशने जरूरी हो गए थे। ऐसे में उनके पास विधायक का चुनाव लड़ने का रास्ता बचा था, लेकिन सोनीपत विधानसभा में पहले से ही कांग्रेस के सीटिंग एमएलए सुरेंद्र पंवार थे। जिनकी टिकट काटना असंभव था। इसी वजह से टकराव होना लाजिमी था। इसके बाद धीरे-धीरे मनमुटाव बढ़ता रहा और लोकसभा चुनावों के दौरान यह जग-जाहिर हो गया। मदान के पार्टी छोड़ने का असर को कम करना कांग्रेस के चुनौती होगा। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी छोड़ने से पार्टी को नए समीकरणों को तलाश करना होगा।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एसएमडीए की बैठक में 363 करोड़ मंजूर

# ग्रुप सी और डी के पद भरे जाएंगे शहर में बनेंगे तीन बूस्टिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत को महानगर बनाने की दिशा में बनाए गए सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की पहली बैठक बुधवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पहली ही बैठक में सौगातों का पिटारा खोलते हुए एमएमडीए में जल्द ग्रुप सी व ग्रुप डी पदों पर नियुक्ति करने के लिए मंजूरी दी गई। इसके साथ ही साथ ही क्षेत्र में पानी आपूर्ति के लिए तीन बूस्टिंग स्टेशनों के निर्माण व पानी निकासी के लिए 30 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के निर्माण की मंजूरी दी गई। इतना ही नहीं सेक्टर-7 में एसएमडीए कार्यालय के भवन निर्माण की मंजूरी दी गई है। इसके अलावा सड़क निर्माण व अन्य कार्यों के लिए बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 363 करोड़ रुपये के बजट की मंजूरी दी गई है।

- सड़क निर्माण व अन्य कार्यों के लिए राशि मंजूर
- निकासी के लिए बनाया जाएगा 30 एमएलडी क्षमता का एसटीपी

### चंडीगढ़ में बैठक

चंडीगढ़ में बुधवार दोपहर बार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 363 करोड़ रुपये का यह बजट सोनीपत मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के लिए निधि प्रदान करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है, और शहरी पर्यावरण के सतत प्रबंधन और सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एसएमडीए को अतिरिक्त संसाधन आवंटित किए जाएंगे। बैठक में सबसे पहले एसएमडीए के लिए स्टाफ की नियुक्ति, रूल व रेगुलेशन (नियम और विनियमन) के लिए ड्राफ्ट को मंजूर किया गया। साथ ही इसमें ग्रुप सी व डी के पदों पर नियुक्ति के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में वित्त मंत्री जेपी दलाल, लोक निर्माण मंत्री डॉ. बनवारी लाल, परिवहन मंत्री असीम गोयल, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक मोहनलाल बड़ौली, जगबीर मलिक, जयवीर सिंह, सुरेंद्र पंवार, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, एसएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) केएम पांडुरंग, उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार, नगर निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीणा हुड्डा भी मौजूद रहे।



### बूस्टिंग स्टेशनों को मंजूरी

स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राधिकरण ने राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में एक इंटरमीडिएट बूस्टिंग स्टेशन, गांव लिवान और राई में दो बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण की मंजूरी दी गई।

### पाइपलाइन की स्वीकृति

साथ ही 11,555 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की। इस कार्य के लिए 10.19 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

### राठधाना में 90 करोड़ रुपये से लगाया जाएगा एसटीपी

राठधाना व आसपास क्षेत्र की जनसंख्या में वृद्धि को देखते हुए 90 करोड़ रुपये की लागत से 30 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण को मंजूरी दी गई। कुंडली में 54.69 करोड़ रुपये की लागत से 7.50 एमएलडी क्षमता का एसटीपी बनाने का भी निर्णय लिया गया।

वर्तमान में कुंडली में अनुपचारित घरेलू जल के उपचार के लिए कोई सीवरेज नेटवर्क और एसटीपी नहीं है।


### 3700 मीटर लंबी मास्टर सड़कें बनेगी फोनलेन

बैठक में सेक्टर 59/64, 59/60, 62/63, 60/64, और 59/60 को जोड़ने वाली 3700 मीटर लंबी मास्टर सड़कों के फोर लेन निर्माण को लेकर 22.81 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी। निर्माण पूरा होने से इन सेक्टरों में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। इससे सेक्टर के निवासियों को आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा, सेक्टर 58 से 64 के बचे हुए क्षेत्र में मास्टर सीवर लाइन की गायब कड़ियों को जोड़ा जाएगा। इनकी लंबाई लगभग 3790 मीटर है। इस कार्य पर 8.33 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मास्टर सड़कों को 2210 लंबाई के फोर लेन निर्माण 16.10 करोड़ रुपये की लागत से भी मंजूर किया गया।

### इन परियोजनाओं को मिली मंजूरी

बैठक में अन्य विभिन्न परियोजनाओं और कार्यों को भी मंजूरी दी गई। इनमें जीएमडीए की तर्ज पर इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) की स्थापना, सेक्टर-4 में खेल स्टेडियम का विकास, एनएच-44 पर ताऊ देवी लाल पार्क और लेजर वैली पार्क के सुंदरीकरण, सेक्टर 7-29, 6-29 और 5-29 के विभाजक मार्ग को 6/8 लेनिंग, दीवान फार्म जंक्शन का पुनः डिजाइन, सेक्टर 26-26ए, 33, 34, 35 और 36 के लिए मास्टर सीवर और स्टॉर्म वाटर सेवाएं, गीता भवन फ्लाईओवर के नीचे आरयूबी का निर्माण, मौजूदा फ्लाईओवर को डी-कंजेस्ट करने के लिए, बेहतर गतिशीलता प्रबंधन के लिए प्रमुख जंक्शन सुधार और सोनीपत मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के लिए व्यापक गतिशीलता योजना की तैयारी

## महाविद्यालय प्रबंधन समिति के चार पदों के लिए 19 ने किया नामांकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति के तीन वर्षीय चुनाव के लिए बुधवार नामांकन का आखिरी दिन था। निवर्तमान प्रधान वेद प्रकाश दहिया ने समय से पहले ही कार्यकारिणी को भंग कर दिया है और चुनाव का ऐलान कर दिया है। जिसमें चार पदों के लिए 19 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है।

प्रधान पद के लिए 6 लोगों पूर्व प्रधान वेद प्रकाश के पुत्र विपुल दहिया, दहिया खाप के पूर्व प्रधान एवं एसीपी महावीर सिंह, पंचायती राज से रिटायर्ड एक्शन एवं समाजसेवी धर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र दहिया, जितेंद्र दहिया व नीरज दहिया ने नामांकन पत्र भरा है। उपप्रधान के लिए रोहतास दहिया उर्फ नेताजी रोहणा, दिनेश दहिया मटिंडू, संजय सैदपुर, कुलदीप दहिया मटिंडू व नीरज दहिया, महासचिव पद के लिए सिकंदर दहिया, रोहतास दहिया, बलराज निलौठी, धर्मपाल व नीरज दहिया तथा कोषाध्यक्ष के लिए बालकिशन पाराशर, बिजेंद्र सिसाना, प्रदीप रोहणा व नीरज दहिया ने नामांकन भरा है। कुल मिलाकर 19 लोगों ने नामांकन किया है। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट कमल शर्मा ने बताया कि 15 जुलाई तक नामांकन फॉर्म वापस लिए जा सकते हैं।

### खानपुर कलां की रितु बनी बेस्ट मदर

**गोहाना।** बुधवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में बेस्ट मदर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खानपुर कलां गांव की रितु पत्नी परमीत का रहा। द्वितीय स्थान पर गढ़ी उजाले खां गांव की ममता पत्नी मोनू और तृतीय स्थान पर लाठ गांव की शिल्पी पत्नी अनिल रहे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता डब्ल्यूसीडीपीओ सुशीला देवी ने की। प्रारंभ में यह प्रतियोगिता सर्कल स्तर पर हुई थी। विजेता महिलाओं को डब्ल्यू.सी.डी.पी.ओ. सुशीला देवी के साथ नागरिक अस्पताल के डॉ. चक्रवर्ती शर्मा ने सम्मानित किया। डॉ. शर्मा ने पौष्टिक आहार और टीकाकरण की व्यापक जानकारी दी।



# बीस मिनट की बरसात से मिली राहत, फसलों को होगा फायदा, 16 किमी. की रफ्तार से चली हवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में बुधवार को बादलों ने 20 मिनट तक पानी बरसा कर मानसून का नाम कर दिया है। जिसकी वजह से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की, वहीं किसानों ने धान की फसल के लिये बारिश को फायदेमंद बताया। जबकि बारिश के बावजूद तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है, क्योंकि दोपहर तक बारिश आने से पहले जिले में गर्मी बनी हुई थी। हालांकि अभी तक मानसून फीका ही रहा है। पिछले साल से तुलना करें तो इस साल केवल आठवां हिस्सा बारिश ही दर्ज की गई है। इतना ही नहीं छिटपुट कहीं-कहीं बारिश हुई है, कई क्षेत्र अभी भी बारिश से वंचित हैं। हालांकि मौसम विशेषज्ञों ने आगामी तीन दिन तक अच्छी बारिश होने के आसार जताए हैं। गोहाना में दोपहर पूर्व तो सोनीपत शहर में दोपहर बाद करीब 20 मिनट तक बारिश हुई। जिससे लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। हालांकि बारिश के बावजूद जिले के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले अधिकतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिन भर 16 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रही। जिले में औसतन 4.5 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

■ अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी जारी, अधिकतम लगभग 4 तो न्यूनतम 2 डिग्री बढ़ा



**सोनीपत।** बारिश के दौरान स्कूल से वापस आता विद्यार्थी।

**समय से पहले मानसून आया, फिर भी कम बारिशः** बता दें कि जिले में प्री मानसून हर साल जून के दूसरे सप्ताह तक दस्तक देता था, जबकि मानसून की दस्तक जुलाई माह के पहले सप्ताह तक होती थी। इस बार जिले में प्री मानसून 18 से 22 जून के बीच रहा। इस समयावधि में कुछ क्षेत्रों में ही हल्की बारिश हुई। जबकि मानसून ने समय से पहले 28 जून को जिले में दस्तक दे दी, लेकिन अब तक उसकी शुरूआत धीमी रही है। आंकड़ों पर नजर डालें तो गत वर्ष 10 जुलाई तक जिले में 455 एमएम बारिश दर्ज की गई थी। जबकि इस बार 10 जुलाई तक महज 50 एमएम तक ही बारिश हुई है।

### अगले तीन दिन झमाझम !

जिले में मानसून की शुरूआत धीमी रही है। बुधवार को कुछ क्षेत्रों में बारिश हुई है। आगामी तीन दिनों तक अच्छी बारिश होने के आसार बने हुए हैं। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिलेगी।
**डॉ. चंद्रमोहन**, मौसम विशेषज्ञ

## स्कॉपियो का शीशा तोड़कर लैपटॉप, डेबिट कार्ड व नकदी चोरी

**सोनीपत।** गांव भिगान के पास स्थित होटल में रुके कंपनी के अधिकारी की स्कॉर्पियो गाड़ी का शीशा तोड़कर चोर लैपटॉप, डेबिट कार्ड और पांच हजार रुपये चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर मुरथल थाना पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

■ पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे केस दर्ज

राजस्थान के जयपुर के दौलतपुरा निवासी मुकेश ने मुरथल थाना पुलिस को बताया कि वह एक कंपनी में कार्यरत है। वह कंपनी के काम से साथी मनोज के साथ पानीपत से बागपत जा रहे थे। जब भिगान के पास पहुंचे तो एक होटल पर खानपान के लिए रुक गए। वह पार्किंग में स्कार्पियो गाड़ी खड़ी कर अंदर चले गए।

थोड़ी देर बाद वापस आए तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ था। कार के अंदर से लैपटॉप, दो डेबिट कार्ड और पांच हजार रुपये गायब थे। जिस पर मुरथल थाना पुलिस को शिकायत दी है। मामले को लेकर मुरथल थाना ने मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालने शुरू कर दी है।

# युवक की हत्या कर शव नाले में फेंका, हाथ-पैर बंधे मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

अगवानपुर रोड स्थित गुरुकुल के पास नाले में एक व्यक्ति का शव गली सड़ी अवस्था में मिला। मृतक के हाथ व पैर रस्सी से बंधे हुए थे। गुरुकुल के शिक्षक ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। काफी प्रयास के बाद पुलिस मृतक की पहचान नहीं कर सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने शिक्षक के ब्यान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत में अगवानपुर स्थित दिव्य धाम गुरुकुल के शिक्षक महेश ने बताया वह सुबह 10 बजे किसी काम से बाहर जा रहे थे। इस दौरान उन्हें गुरुकुल के पास नाले में एक व्यक्ति मृत अवस्था मे पड़ा मिला। मृतक के पैर रस्सी से बंधे हुए थे और उसने कपड़े डाल रखे थे। जिसके बाद उन्होंने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर डायल 112 व गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकाल कर उसकी पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। गन्नौर थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के पैर दो जगह से व हाथ रस्सी से बंधे हुए थे। नाले में पड़ा होने के कारण शरीर गला हुआ था। उसकी पहचान भी नहीं पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लगेगा। फिलहाल केस दर्ज कर मृतक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

- अगवानपुर रोड स्थित गुरुकुल के पास नाले में शव मिलने से हड़कंप
- रस्सी से बंधे थे हाथ व पैर, नहीं हो पाई पहचान
- गुरुकुल के शिक्षक ने शव नाले में पड़े होने की सूचना दी थी



डॉक्टर सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए ना करें किसी दवा का सेवन



**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मुझे कुछ दिनों से थकान-कमजोरी महसूस हो रही है। इसलिए रोज मल्टीविटामिन कैप्स्यूल लेता हूं। क्या इसके कुछ साइड-इफेक्ट्स भी हो सकते हैं?**

**-पवन, कांकेर**

जैसा आप बता रहे हैं कि पिछले कुछ दिनों से आपको थकान और कमजोरी लग रही है। सबसे पहले आपको शरीर में खून की जांच यानी एचबी की जांच करानी चाहिए, जिससे पता चलेगा कि कमजोरी किस वजह से हो रही है? कई बार खून की कमी की वजह से भी यह समस्या देखी जाती है, इसके बाद कोई उपचार किया जा सकेगा। वैसे तो मल्टीविटामिन कैप्सूल लेने से कोई साइड इफेक्ट नहीं हैं, लेकिन एक बार डॉक्टर से संपर्क करने के बाद ही कोई दवा लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। हर साल बारिश के मौसम में मुझे अक्सर जुकाम-खांसी की समस्या होने लगती है। इससे बचाव के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नीरज, भोपाल**

यह समस्या कई लोगों में देखी जाती है। जिन लोगों को एलर्जी होती है उनको बरसात में सर्दी-जुकाम होता रहता है। इससे बचने के लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ानी चाहिए, विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल खाने चाहिए। साथ ही घर से बाहर निकलते समय मास्क लगाकर निकलें।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरे तलवों और एड़ियों में अक्सर कुछ चुभने जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है और इसका क्या समाधान है, कृपया बताएं।**

**-गजेंद्र प्रताप, रायगढ़**

यह समस्या उस समय होती है, जब एड़ी की हड्डी बढ़ जाती है। इसके लिए आपको ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे एक्सरे कराएंगे, जिससे पता चलेगा हड्डी बढ़ी हुई है या नहीं। इसके बाद आपको वह गाइड करेंगे कि बचाव के लिए क्या करना चाहिए।

**मेरी उम्र 21 वर्ष है। पिछले डेढ़-दो महीने से पढ़ते वक्त मेरी आंखों से पानी आने लगता है, साथ ही तेज सिर दर्द भी शुरू हो जाता है। इस प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राकेश, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी आंखों की रोशनी कमजोर हो रही है, जिस वजह से यह समस्या आ रही है। सबसे पहले आपको आंखों की जांच करानी चाहिए, अगर आंखें कमजोर हो रही हैं तो चश्मा बनवाना चाहिए। हां अगर आंख की रोशनी ठीक है तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर जांच करानी चाहिए, जिससे सिर दर्द का कारण पता चलेगा।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। मेरे चेहरे और नाक पर कई मस्से उभर आए हैं। मस्सा हटाने के लिए मुझे कोई होम-रेमेडी अपनानी चाहिए या मेडिकल ट्रीटमेंट करवाना चाहिए? कृपया उचित सलाह दें।**

**-आदित्य, भोपाल**

इसके लिए आपको त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए, वही मस्से देखकर बताएंगे कि ये रिमूव हो सकते हैं या किसी क्रीम से ठीक हो सकते हैं। बगैर देखे कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। दो साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले 2-3 महीनों से मेरे घुटने में फिर से दर्द हो रहा है। चलने-फिरने में काफी तकलीफ होने लगी है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रमोद, हिसार**

आपने यह स्पष्ट नहीं किया कि घुटनों का ऑपरेशन किसलिए हुआ था। क्या नी सर्जरी हुई थी या कोई चोट लगी थी? हालांकि ऑपरेशन के कुछ समय बाद तक कई बार ऐसी समस्या देखी जाती है, लेकिन आपको 2 साल हो चुके हैं, इसलिए, बेहतर होगा कि आप उस डॉक्टर से संपर्क करें, जिन्होंने आपका ऑपरेशन किया था, वह ही जांच कर इसकी वजह पता लगाएंगे और उपचार करेंगे।

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---


हेल्थ एडवाइस

विवेक कुमार

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज युवा वर्ग अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी हद तक जागरूक हो चुका है। यही कारण है कि छोटे शहर हों या बड़े, हर जगह जिमों की भरमार देखी जा सकती है। शहरों में शायद ही कोई ऐसा मोहल्ला हो, जहां आज की तारीख में कोई जिम ना मौजूद हो और जहां युवाओं की अच्छी-खासी भीड़ ना देखी जाती हो। लेकिन इसके बावजूद इस दौर में युवाओं को जितनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, उतनी अब के पहले कभी नहीं रहीं।

जंक फूड हो या फास्ट फूड, इसका अधिक सेवन हमें कई बीमारियों से ग्रस्त कर सकता है। बावजूद इसके, आज के दौर में यंगस्टर्स इसे सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। इससे यंगस्टर्स में मोटापा, डायबिटीज, हार्ट डिजीज समेत कई अन्य रोग फैल रहे हैं। इनके अधिक सेवन से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं, इस बारे में हर युवा को पता होना चाहिए।

# यंगस्टर्स को बना रहा बीमार जंक फूड-फास्ट फूड







## युवाओं में बढ़ता मोटापा

आज पूरी दुनिया में 3.2 करोड़ से ज्यादा युवा औसत से काफी ज्यादा मोटे हैं और मोटापे की यह रफ्तार युवाओं के बीच पूरी दुनिया में बढ़ रही है। मोटापा किस तरह एक वैश्विक समस्या बनता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, भूटान, मालदीव जैसे देशों में भी जहां यूरोप और अमेरिका के मुकाबले कोल्ड ड्रिंक कम पी जाती है, पिज्जा और बर्गर भी कम खाए जाते हैं, फिर भी इन देशों में मोटापा 7 से 10 फीसदी सालाना की रफ्तार से बढ़ रहा है। साल 2000 के आस-पास भारत में जहां करीब 8 फीसदी युवा जरूरत से ज्यादा मोटे थे, वहीं आज 17 से 18 फीसदी युवा तकनीकी रूप से सामान्य से ज्यादा मोटे हैं और करीब 7 से 9 फीसदी तो बहुत ज्यादा मोटे हो रहे हैं। स्कूल जाने वाली लड़कियां भी 20 साल पहले के मुकाबले आज 15 से 17 फीसदी ज्यादा ओवरवेटेड हैं। युवाओं में तेजी से बढ़ते इस मोटापे का सबसे बड़ा कारण है-जंक फूड का अत्यधिक सेवन।

## जंक फूड अधिक करते हैं पसंद

आज की तारीख में भारतीय युवाओं के पास जेब खर्च आज के 30 साल पहले के मुकाबले 5 से 6



गुना ज्यादा है, जिसका सबसे बड़ा नुकसान यह हुआ है कि आज फास्ट फूड भारतीय युवाओं के बेहद करीब पहुंच गया है। चूंकि आज कम उम्र के युवा भी कमाते हैं, इसलिए जंक फूड खाना उन्हें अपना हक लगता है। यह इसलिए भी उन्हें परेशान नहीं करता, क्योंकि उन्हें लगता है कि वे जंक फूड खाने से उन्हें जो स्वास्थ्य संबंधी नुकसान होंगे, उनकी भरपाई वे जिम में ज्यादा पसीना बहाकर कर लेंगे। लेकिन यह सही नहीं है। इसका सबसे बड़ा नुकसान दो साल पहले कोरोना महामारी के दौरान तब देखने को मिला था, जब बड़ी संख्या में युवाओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता की बेहद कमी देखने को मिली थी।

## होती हैं कई प्रॉब्लम्स

जंक फूड खाने से कोई एक तरह की समस्या नहीं होती, सिर्फ मोटापा ही जंक फूड का अकेला नुकसान नहीं है। सच बात तो यह है कि जंक फूड युवाओं की समूची सेहत पर जंग लगा रहा है। ऐसा स्वाभाविक है, क्योंकि जंक फूड में एक नहीं अनेक हानिकारक तत्व होते हैं। जैसे- इसमें बेहिसाब कैलोरी होती है, इसे नियमित खाने से इसकी लत पड़ जाती है। यह हमारे समूचे पाचनतंत्र को खराब कर डालता है। नियमित रूप से जंक फूड खाने पर हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और हृदय संबंधी कई तरह की समस्याएं पैदा हो जाती हैं। यह अकारण नहीं है कि पिछले एक दशक में युवाओं में हृदय संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ी हैं। आज भारत के हृदय रोगियों में 12 से 15 फीसदी युवा हैं। अब के पहले इतने युवा हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित कभी नहीं होते थे। हाल के दिनों में चलते-फिरते बहुत से लोगों की जो मौत, हार्ट अटैक आने के कारण देखने को मिली है, उनमें बड़ी संख्या में युवा भी शामिल रहे हैं।

## डायबिटीज की बड़ी वजह है जंक फूड



जंक फूड युवाओं को भी उसी तरह से मधुमेह या शुगर का मरीज बना रहा है, जैसे पिछले कुछ दशकों में अधेड़ों पर डायबिटीज ने अपना शिकंजा कसा है। युवाओं में आमतौर पर जो टाइप-2 मधुमेह की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, उसका कारण मुख्य रूप से यही जंक फूड है। सबसे बड़ी बात यह है कि जंक फूड हमारे फैटी लिवर के लिए तो जिम्मेदार है ही, इससे कई तरह के कैंसर होने की भी समस्याएं बढ़ रही हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो जंक फूड युवाओं पर बेहद घातक असर डाल रहा है। जंक फूड के कारण ना सिर्फ युवा बड़े पैमाने पर आलसी हो रहे हैं, उनमें मोटापा बढ़ रहा है बल्कि वे बड़ी तेजी से चिड़चिड़े भी हो रहे हैं।

## पड़ जाती है जंक फूड की लत

जंक फूड खाने से इतनी सारी समस्याएं होने की वजह जंक फूड में मौजूद चीनी, नमक, मसाले और वसा की अधिकता का होना है। जंक फूड में निर्धारित मात्रा से कहीं ज्यादा कैलोरी, ट्रांसफैट चीनी और नमक होता है। जंक फूड के कारण वजन बढ़ता है, डायबिटीज हो जाती है और अधेड़ों की तरह युवाओं में जोड़ों का दर्द भी जंक फूड के कारण ही बढ़ रहा है। चूंकि इसके खाने के बाद इसका प्रभाव युवाओं के डोपामाइन सिस्टम को हाईजैक कर लेता है, इसलिए युवाओं को जंक फूड की ना सिर्फ लत पड़ जाती है बल्कि उन्हें लगने लगता है कि वे जंक फूड खाए बिना खुश रह ही नहीं सकते। जंक फूड खाने से हमारे पेट में लंबे समय तक प्रोसेस्ड फूड जमा रहता है। इस कारण भूख लगने में कमी आती है और हमारा पाचनतंत्र डिस्टर्ब हो जाता है। जंक फूड में मौजूद शुगर हमारी हड्डियों को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए जंक फूड से दूर रहने में ही भलाई है। *

## युवाओं की डाइट हो ऐसी




**ऐसे में** सवाल है, आखिर युवाओं के खान-पान में कैसा कॉम्बिनेशन हो, जो उन्हें भरपूर एनर्जी भी दे, उत्साही भी रखे और किसी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी ना पैदा हों। इसके लिए विशेषज्ञ कहते हैं कि 15 से 25 साल तक के युवाओं के खान-पान में अधिकतम 5 फीसदी ही जंक फूड या मीठा होना चाहिए। उनकी डाइट में 40 फीसदी अनाज, 35 फीसदी फल और सब्जियां, 20 फीसदी प्रोटीन और 5 फीसदी फास्ट फूड या मिठाई होनी चाहिए। ये 5 प्रतिशत जंक फूड भी वही युवा ले सकते हैं, जो नियमित रूप से एक्सरसाइज करते हैं। जो युवा रेग्युलर एक्सरसाइज नहीं करते, उन्हें बिल्कुल भी जंक फूड या फास्ट फूड नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे वे कई रोगों के शिकार हो सकते हैं।

---

हर्बल जोन

रेखा देशराज

# मौसमी रोगों से बचाए गिलोय




मानसून का मौसम खांसी, जुकाम, मलेरिया, चिकनगुनिया के साथ-साथ कई तरह के संक्रमणों की आशंका लेकर आता है। इसलिए इस दौरान बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं। इस मानसूनी संक्रमण से बचने के लिए अच्छी डाइट के साथ-साथ कुछ विशेष जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल भी करना चाहिए, जो हमें इस मौसम में बीमार होने से बचाती हैं। गुडुची या गिलोय एक बहुत ही फायदेमंद जड़ी-बूटी है। इसको देसी भाषा में अमृता भी कहते हैं और इस नामकरण के पीछे इसके अमृत जैसे गुण ही हैं। इसे गिलोय इसलिए कहते हैं क्योंकि इसमें गिलोइन नामक ग्लूकोसाइट और टिनोस्पोरिन, पामेरिन और टिनोस्पोरिक एसिड भी पाए जाते हैं। गिलोय में कॉपर, आयरन, फास्फोरस, जिंक, कैल्शियम और मैग्नीज का भी पर्याप्त भंडार होता है।

**कई रोगों में कारगर:** गिलोय हमें ना सिर्फ कई तरह के संक्रमणों से बल्कि कब्ज और गैस जैसी खान-पान संबंधी बीमारियों से भी बचाती है। इसमें हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत करने का जबरदस्त गुण होता है। इसलिए कोरोना के दौरान लोगों ने इसका बहुत ज्यादा सेवन किया था। चूंकि मानसून का मौसम बेहद संक्रामक होता है, इसलिए इस मौसम में स्वस्थ रहने के लिए गुडुची का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। यह डायबिटीज की समस्या में भी हमारे लिए मददगार होती है। चूंकि इसकी तासीर गर्म होती है, इसलिए मानसून के मौसम में सुबह शाम चाय के रूप में इसके काढ़े का सेवन हमें दिनभर एनर्जेटिक बनाए रखता है और हम जो कुछ खाते हैं, वह आराम से पच जाता है। गुडुची के नियमित इस्तेमाल से हमारी भूख भी बढ़ती है। गिलोय का जूस हमारे दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल से डेंगू, स्वाइन फ्लू और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव होता है। इसका जूस सिर्फ बीमार होने पर या संक्रमित हो जाने पर ही असरकारी नहीं होता बल्कि सामान्य स्थितियों में भी इसके इस्तेमाल से हमारा शरीर फोड़े, फुंसियों, रक्तविकार और कई तरह की त्वचा संबंधी परेशानियों से बचा रहता है।

**बरतें सावधानी:** गिलोय बहुत उपयोगी जड़ी-बूटी है, फिर भी अपने मन से इसका सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए इस बेल के पत्तों का या इसके तने का या इसके किसी भी हिस्से का इस्तेमाल करने से पहले एक बार जड़ी-बूटियों के जानकार अनुभवी वैद्य या आयुर्वेद विशेषज्ञ से राय जरूर ले लें। *

---



प्रिवेंशन

विनीता

बारिश के मौसम में एसिडिटी की समस्या से अधिकतर लोग परेशान रहते हैं। क्यों होता है ऐसा और इससे कैसे करें अपना बचाव, यहां बता रहे हैं डिटेल में।

# एसिडिटी से ऐसे बचें

महानगरीय अस्त-व्यस्त जीवनशैली और खान-पान में लापरवाही की वजह से जो स्वास्थ्य समस्याएं पनप रही हैं, एसिडिटी भी उनमें से एक है। अगर सही समय पर इसका उपचार ना किया जाए तो यह समस्या आगे चलकर गंभीर रूप धारण कर सकती है।

**क्या होती है एसिडिटी:** फूड पाइप के ठीक नीचे खाने की थैली होती है, जिसे स्टमक कहा जाता है। इसकी भीतरी दीवारों की कोशिकाओं से हाइड्रोक्लोरिक एसिड का स्राव होता है, जो भोजन को पचाने का काम करता है, लेकिन कई बार स्टमक जरूरत से अधिक मात्रा में एसिड बनाने लगता है, जिसकी वजह से आपको एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

**प्रमुख लक्षण:** एसिडिटी के प्रमुख लक्षणों में सीने में जलन, पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द, जी मिचलाना, उल्टियां आना, गला सूखना, भोजन में अरुचि, खट्टी डकारें आना, पेट में भारीपन, कब्ज, बेचैनी और सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं।

**समस्या की वजह:** सुबह नाश्ता ना करना, लंबे समय तक खाली पेट रहना या ओवर ईटिंग, चावल, घी-तेल, मिर्च-मसाले का अधिक मात्रा में सेवन, क्रोध या मानसिक तनाव के कारण भी एसिड का सीक्रेशन बढ़ जाता है। चाय, कॉफी, एल्कोहल और सिगरेट का अधिक मात्रा में सेवन, भोजन को अच्छी तरह नहीं चबाना, खान-पान की अनियमित हैबिट, पर्याप्त नींद ना लेना, एक्सरसाइज-शारीरिक गतिविधियों में कमी, दर्द निवारक दवाओं का लगातार या अधिक मात्रा में सेवन करने से एसिडिटी की समस्या



बढ़ सकती है। इनके अलावा कुछ और फैक्टर्स होते हैं, जिससे एसिडिटी की समस्या बढ़ जाती है।

**जॉब नेचर:** जिन लोगों को ज्यादा देर तक बैठकर काम करना पड़ता है, उनके पाचन की क्रिया धीमी हो जाती है, इस वजह से उन्हें भी एसिडिटी हो जाती है। ऐसे में उन्हें हर दो घंटे के अंतराल पर सीट से उठकर पांच मिनट के लिए टहल लेना चाहिए। पैदल चलें, लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का इस्तेमाल करें। अगर फील्ड जॉब में हों तो बिस्किट, फल, सैंडविच और जूस जैसी चीजें अपने साथ रखें, ताकि बीच में भूख लगने पर आपको बाहर की नुकसानदायक चीजें खानी ना पड़े।

**प्रेग्नेंसी:** इस अवस्था में महिलाओं के शरीर से कुछ हार्मोन का स्राव तेजी से होने लगता है, इसी वजह से लिवर के काम करने की गति धीमी हो जाती है। इससे भोजन पचने में काफी समय लगता है और पेट में गैस बनने लगती है। प्रेग्नेंसी के आखिरी तीन महीनों में गर्भाशय का आकार बड़ा हो जाता है, जिससे स्फिंक्टर (फूड पाइप के निचले हिस्से) व आंतों पर दबाव पड़ता है और अनपचा भोजन ऊपर की तरफ वापस आने लगता है, इससे गर्भावस्था में भी एसिडिटी और कब्ज की समस्या होती हैं। ऐसी समस्या से बचाव के लिए एक ही बार ज्यादा खाने के बजाय हर दो घंटे के अंतराल पर थोड़ा-थोड़ा खाएं। भोजन अच्छी तरह चबाकर करें।


**बढ़ती उम्र:** बुढ़ापे में पाचन शक्ति कमजोर हो जाती है, जिससे एसिडिटी और गैस की समस्या परेशान करने लगती है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में फाइबर युक्त चीजों, जैसे- सूजी, दलिया, ओट्स, हरी सब्जियों और फलों को प्रमुखता से शामिल करें। अपनी दिनचर्या में योग और एक्सरसाइज को जरूर शामिल करें।*

**(सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली में एचओडी-गैस्ट्रोलॉजी, डॉ. सौमित्र रावत से बातचीत पर आधारित)**

---

बारिश के मौसम में संक्रमण से बचाव के लिए न्यूट्रिशस डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल के साथ-साथ अगर आप नियमित अर्ध-मत्स्येंद्रासन का अभ्यास करें, तो भी संक्रमण से बचे रह सकते हैं। इसकी विधि और सावधानियों के बारे में जानिए।

# मानसूनी संक्रमण से बचाने में कारगर अर्ध-मत्स्येंद्रासन



योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

बारिश के मौसम में कई तरह के इंफेक्शन की आशंका बढ़ जाती है, क्योंकि बारिश के कारण वातावरण में हल्की ठंडक के साथ उमस भी रहती है। ऐसे मौसम में वायरस और बैक्टीरिया खूब फलते-फूलते हैं। इसलिए इन दिनों में अपनी सेहत को लेकर अतिरिक्त रूप से सजग रहने की जरूरत होती है। अगर इस दौरान हर दिन नियमित रूप से कुछ आसन, जैसे- अर्ध-मत्स्येंद्रासन (हाफ फिश पोज), हलासन, पवनमुक्तासन और सुप्त व्रजासन किए जाएं, तो ये हमें स्वस्थ रखने में मददगार होते हैं। वैसे तो ये सभी आसन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनमें सबसे आसान और सबसे कारगर अर्ध-मत्स्येंद्रासन है। इसलिए अगर मानसून के मौसम में नियमित रूप से अर्ध-मत्स्येंद्रासन किया जाए, तो हम कई तरह की शारीरिक परेशानियों जैसे मांसपेशियों की जकड़न और बार-बार होने वाले वायरल इंफेक्शन से बचे रह सकते हैं।

**क्यों महत्वपूर्ण है अर्ध-मत्स्येंद्रासन:** महान योगी मत्स्येंद्रनाथ के नाम पर बना अर्ध-मत्स्येंद्रासन, मानसून के मौसम में हमारे शरीर को कई तरह के फायदे पहुंचाता है। यह हमारे ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है। मानसून के मौसम में मांसपेशियां जकड़ जाती हैं, वहीं नियमित रूप से यह आसन करने से इस मौसम में भी मांसपेशियों में अकड़न या जकड़न नहीं आती। इस मौसम में पाचन संबंधी समस्या होती है, नियमित रूप से अर्ध-मत्स्येंद्रासन करके हम इस समस्या से मुक्त हो सकते हैं। नियमित रूप से इस आसन को करने से हमारी रीढ़ की हड्डी मजबूत और लचीली बनती है। इससे पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियां दर्दरहित आराम में रहती है। इस सबके अलावा मानसून में नियमित रूप से अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने पर हम इस मौसम में होने वाले विशेष तनाव से भी बचे रहते हैं।

**आसन करने का तरीका:** अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने के लिए योगा मैट पर अपने दो पैरों को सामने की ओर फैलाकर बैठ जाएं। ध्यान रखें, इस दौरान दोनों पैर साथ हों और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी हो। इसके बाद बाएं पैर को मोड़ें और इस पैर की एड़ी को दाहिने कूल्हे के पास ले जाएं। अब दाहिने पैर को बाएं घुटने के ऊपर से सामने की तरफ रखें। कमर, कंधों और गर्दन को दाहिनी तरफ से मोड़ते हुए इसी तरफ के कंधे के ऊपर से देखें। इस अवस्था को आसानी से जितनी देर बनाए रखना संभव हो बनाए रखें, फिर लंबी और गहरी सांस लें। सांस छोड़ते ही पहले दाहिने हाथ को ढीला छोड़ें, फिर कमर, छाती और गर्दन को क्रमशः ढीला छोड़ें। इस मुद्रा में भी 20 से 30 सेकेंड तक रहें और फिर इसी प्रक्रिया को विपरीत दिशा से दोहराएं।

**बरतें सावधानी:** अर्ध-मत्स्येंद्रासन करते समय कुछ बातों को ध्यान रखना जरूरी होता है। मसलन, शरीर को अंतिम मुद्रा में मोड़ते समय सुनिश्चित करें कि आप सांस बाहर की तरफ छोड़ रहे हैं। ऐसा करने से आपको झुकने में आसानी रहेगी। इस बात का भी ध्यान रखें कि इस मुद्रा को खोलते समय धीरे-धीरे लेकिन गहरी सांस लें। चूंकि अर्ध-मत्स्येंद्रासन करते समय रीढ़ की हड्डी काफी मुड़ती है, इसलिए बड़ी सजगता और सावधानी से आसन करें, सिर्फ एक तरफ ना करें, दूसरी तरफ भी करें। अगर सिर्फ एक तरफ करेंगे तो इससे रीढ़ की हड्डी को परेशानी होगी। जब दोनों तरफ से करेंगे तो रीढ़ की हड्डी ज्यादा संतुलित और स्वस्थ रहेगी।

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** कोशिश करें कि अर्ध-मत्स्येंद्रासन सुबह के समय करें और सुबह भी बहुत जल्दी, जब तक सूरज ना निकला हो। अगर बहुत सुबह आपके लिए संभव नहीं है तो दिन में कभी भी आसन कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रखें, इसे खाली पेट या भोजन करने के चार से छह घंटे बाद ही करें।

अगर हृदय, पेट, हड्डी या मस्तिष्क में से किसी की भी सर्जरी हुई हो तो अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने से परहेज करें। यदि पेप्टिक अल्सर या हार्निया से पीड़ित हों, तो भूलकर भी यह आसन ना करें। रीढ़ की हड्डी में कभी चोट लगी हो तो अर्ध-मत्स्येंद्रासन करने से बचें। बहुत हल्का स्लिप डिस्क हो तो इस आसन से कुछ फायदा हो सकता है, लेकिन गंभीर हो तो भूलकर भी ना करें। आसन करने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *

## खबर संक्षेप

### बरोदा हलके में बदलाव का समय आयाः संदीप

**गोहाना।** आम आदमी पार्टी द्वारा बुधवार को बरोदा हलके के गांव भैंसवाल कलां और आंवली में बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को आप पार्टी की नीतियों बारे अवगत करवाया गया।

मुख्य वक्ता पार्टी नेता संदीप मलिक ने कहा कि पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों से पूरे प्रदेश में बदलाव की लहर आएगी। बरोदा हलके में भी अब बदलाव का समय आ गया है। कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है।

### अंतिम संस्कार में जरूरतमंद परिवार की सहायता की

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने बुधवार को एक जरूरतमंद परिवार की अंतिम संस्कार में मदद की। जीआरपी थाना रेलवे पुलिस सोनीपत के एएसआई अजय कुमार ने सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमैन वाईके त्यागी से संपर्क कर बताया कि मध्यप्रदेश के वासी मथुरा चंद्र उम्र लगभग 48 वर्ष अपने बच्चों को 06 जुलाई को रेल में छोड़ने के लिए स्टेशन पर आया। यहां उसका ह्रदयगति रुकने से स्वर्गवास हो गया और वो अभी बहालगढ़ मे रह रहे थे। एएसआई ने बताया कि उनका परिवार अंतिम संस्कार करने में असमर्थ है। अतः उनके अनुरोध पर सेफ इंडिया फाउंडेशन ने अपनी एम्बुलेंस भेजकर सरकारी अस्पताल से मथुरा चंद्र का शव तिरंगा चौक श्मशान में भिजवाया और अंतिम दाह संस्कार करवाया।

### सर गंगाराम को 97वीं पुण्यतिथि पर किया याद

**गोहाना।** महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में बुधवार को सर गंगाराम की 97वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। नागरिकों ने सर गंगाराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा सर गंगाराम प्रसिद्ध इंजीनियर, महान समाजसेवी और भारत में हरित क्रांति के प्रणेता थे। जन्म 13 अप्रैल 1851 को अविभाजित भारत लाहौर में खत्री वंश से संबंधित एक पंजाबी हिंदू परिवार में हुआ। सर गंगाराम ट्रस्ट समिति बनाई, जिसके अंतर्गत विधवा आश्रम, अपाहिज आश्रम, चिकित्सालय, लड़कियों के लिए स्कूल,ट्रेनिंग कॉलेज खुलवाए।

## एक दिन पोर्टल नहीं चलने के कारण बढ़ाई थी अंतिम तिथि

# फीस जमा करवाने का अंतिम अवसर होने के बावजूद भी कम विद्यार्थी पहुंचे कॉलेज

### फीस जमा करवाने वाले विद्यार्थियों में स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की संख्या अधिक रही

सोनीपत आईटीआई में 33 ट्रेडस की 964 सीटों के लिए 186 विद्यार्थी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

महाविद्यालयों में चल रही दाखिला प्रक्रिया के तहत बुधवार को फीस जमा करवाकर दाखिला सुनिश्चित करने के लिये का अंतिम दिन रहा। पहली वरीयता सूची में शामिल विद्यार्थियों के पास दाखिला पक्का करने का यह अंतिम अवसर था। इसके बावजूद कॉलेजों में बेहद कम विद्यार्थी ही फीस जमा करवाने के लिए कॉलेज पहुंचे। फीस जमा करवाने वाले विद्यार्थियों में स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों की संख्या अधिक रही। महाविद्यालयों में दाखिले के लिए 05 जुलाई को पहली फाइनल वरीयता सूची जारी की गई थी। जिसमें शामिल विद्यार्थियों को दाखिला सुनिश्चित करवाने के लिए 09 जुलाई तक का समय दिया गया था। 08 जुलाई को पोर्टल धीमा होने के कारण फीस जमा करवाने के लिए काफी विद्यार्थियों के चालान नहीं कट पाए थे। जिस कारण दाखिला प्रक्रिया भी बाधित रही थी। जिस कारण अंतिम तिथि यानी 09 जुलाई को फीस जमा करवाने वाले विद्यार्थियों की भीड़ लगी रही। पहली वरीयता सूची में शामिल विद्यार्थियों में से बेहद कम विद्यार्थियों के फीस जमा करवाने पर माना जा रहा था कि समय कम मिलने के कारण विद्यार्थी फीस जमा करवाने से वंचित रह गए थे। ऐसे में उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने मंगलवार देर शाम को विद्यार्थियों को राहत देते फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि को एक दिन बढ़ाते हुए 10 जुलाई तक कर दिया था।



**तेरह तक फीस जमा करवाएं**

आईटीआई में बुधवार को दूसरी वरियता सूची जारी कर दी गई है। जिसमें 186 विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। विद्यार्थी 12 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापित करवाने के साथ 13 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। *विक्रम सिंह, प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोनीपत*

### आईटीआई में दाखिलों के लिए दूसरी सूची जारी, 13 तक जमा करवानी होगी फीस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

आईटीआई में दाखिले के लिए दौड़-भाग में जुटे छात्रों के लिए बुधवार को दूसरी वरियता सूची जारी की गई। हालांकि बहुत कम संख्या में छात्रों के नाम इस सूची में शामिल किए गए हैं। उदाहरण के लिए सोनीपत स्थित आईटीआई की 33 ट्रेड्स की 964 सीटों के लिए 186 छात्रों का नाम शामिल किया गया है। इसमें सबसे अधिक छात्रों कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग एसिस्टेंट व मैकेनिकल मोटर वहीकल ट्रेडस में शामिल किए गए हैं। दोनों ट्रेड्स में 14-14 छात्रों का नाम शामिल किया गया है। दूसरी वरीयता सूची में शामिल छात्रों को फीस जमा करवाने के लिए 13 जुलाई तक का समय दिया है। बता दें कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान यानि की 13 आईटीआई में दाखिलों की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत जिले की 13 आईटीआई 3956 सीटों के लिए भी दाखिला किया जा रहा है। आवेदन प्रक्रिया 7 से 21 जून तक आवेदन प्रक्रिया चली थी। अंतिम तिथि तक विभिन्न ट्रेड्स में आवेदनों की संख्या कम रहने पर अंतिम तिथि को 25 जून तक बढ़ा दिया था। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत 28 जून को पहली वरीयता सूची जारी की थी। सोनीपत आईटीआई में जारी की गई पहली वरीयता सूची में 33 ट्रेडस में 467 छात्रों का नाम शामिल किया गया था, जिन्हें दाखिला सुनिश्चित करवाने के लिए 03 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय दिया गया था। निर्धारित समयावधि तक महज 228 छात्रों ने ही फीस जमा करवाई थी। जिसके बाद दूसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी थी। आईटीआई प्रबंधन का कहना है कि दूसरी वरीयता सूची में शामिल किए गए विद्यार्थियों के पास फोन कर उन्हें सूची में नाम आने के बारे में अवगत कराया जा रहा है।

**सोनीतप आईटीआई की किस ट्रेड की कितने विद्यार्थियों को किया शामिल**

| ट्रेड | शामिल विद्यार्थी |
|---|---|
| कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 14 |
| ड्राफ्ट्समैन (सिविल) | 05 |
| ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल) | 13 |
| इलेक्ट्रिशियन (एनएसक्यूएफ) | 02 |
| इलेक्ट्रिशियन (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 07 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक (एनएसक्यूएफ) | 02 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 05 |
| फिटर (एनएसक्यूएफ) | 11 |
| लिफ्ट एंड एस्केलेटर मैकेनिक (एनएसक्यूएफ) | 06 |
| लिथो ऑफसेट मशीन माइंडर | 01 |
| मशीनिष्ट (एनएसक्यूएफ) | 01 |
| मशीनिष्ट ग्राइंडर, (एनएसक्यूएफ) | 13 |
| मैकेनिक (मोटर व्हीकल) (एनएसक्यूएफ) | 14 |
| मैकेनिकल डीजल (एनएसक्यूएफ) | 05 |
| मैकेनिकल डीजल (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 09 |
| पेंटर जनरल (एनएसक्यूएफ) | 05 |
| प्लंबर (एनएसक्यूएफ) | 02 |
| प्लंबर (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 06 |
| रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग तकनीशियन (एनएसक्यूएफ) | 10 |
| शीट मेटल वर्कर (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 02 |
| स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट, अंग्रेजी (एनएसक्यूएफ) | 03 |
| स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट, अंग्रेजी (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 05 |
| स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट, हिंदी (एनएसक्यूएफ) | 01 |
| स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट, हिंदी (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 03 |
| टूल एंड डाई मेकर (एनएसक्यूएफ) | 07 |
| टर्नर (एनएसक्यूएफ) | 10 |
| वेल्डर (एनएसक्यूएफ) | 04 |
| वेल्डर, (एनएसक्यूएफ) ड्यूल | 10 |
| वायरमैन (एनएसक्यूएफ) | 09 |
| वुड वर्क तकनीशियन (एनएसक्यूएफ) | 01 |
| कुल सीट अलॉटमेंट | 186 |

# ब्लॉक समिति सदस्यों ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

ब्लॉक समिति खरखौदा के सदस्यों ने अपनी मांगों का मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन बुधवार को एसडीएम श्वेता सुहाग को सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की है कि ब्लॉक समिति सदस्यों का मानदेय 15000 प्रति माह किया जाए। गांव में जो क्षेत्र उनके वार्ड के अंतर्गत आता है। उन वार्डों में जो विकास कार्य होते हैं, उनमें उनकी भागीदारी होनी चाहिए। उनके वार्ड का जो फंड आता हैं, उन्हें भी अपने वार्ड में विकास के कार्य करने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र किया जाना चाहिए। गांव में विकास कार्य करने के लिए उनका फंड अलग से रिलीज करना चाहिए। वह सुविधा उन्हें उपलब्ध करवाई जाए, ताकि भविष्य में वह विकास कार्य अपने हिसाब से गांव में करवा सकें। मौजूदा हाल में उनकी गिनती कहीं भी नहीं हो रही है। सरपंच अपनी मनमानी करते हैं और ब्लॉक समिति का जो पैसा आता है वह सरपंचों के खाते में आता है। लेकिन अब ऐसा नहीं होना चाहिए। ब्लॉक समिति का पैसा ब्लॉक समिति के हिसाब से ही सदस्यों से पूछ कर खर्च किया जाना चाहिए। एसडीएम श्वेता सुहाग ने कहा कि उनकी मांग को मुख्यमंत्री कार्यालय में भिजवा दिया जाएगा। ब्लॉक समिति उप प्रधान सविता, वेद प्रकाश गोरड़, आनंद नकलोई, राजेश आदि मौजूद रहे।




**खरखौदा।** एसडीएम श्वेता सुहाग को ज्ञापन देते वेद प्रकाश।

### दूसरी मंजिल से गिरकर श्रमिक की मौत

**सोनीपत।** कुंडली में किराए के मकान में दूसरी मंजिल से गिरकर श्रमिक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि श्रमिक शराब के नशे में था। पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर सबूत जुटाने के साथ ही विसरा भी जांच को भेजा है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। श्रमिक रात को अपने दोस्त के कमरे पर आया था।मूलरूप से उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद के गांव जलमंडोला निवासी तिलकराम फिलहाल कुंडली क्षेत्र में रहते थे। वह श्रमिक थे। रात को वह अपने दोस्त मनोज के कमरे पर गए थे। बताया गया है कि उन्होंने रात को शराब पी थी। जिसके बाद दोनों दोस्त किराए के मकान की तीसरी मंजिल पर जाकर सो गए। रात को तिलकराम लघुशंका के लिए उठा था। जिस पर वह दूसरी मंजिल पर आ गया। वहां से रात को नीचे गिर गया। मामले का पता लगते ही हडकंप मच गया। लोगों ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लैब की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए। पुलिस ने विसरा भेज दिया है। पुलिस ने मनोज के बयान पर निवारक कार्रवाई की है।

# समाधान शिविर में आई 15 शिकायतें

### अधिकतर शिकायत फैमिली आईडी व इनकम कम कराने से संबंधित थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

समाधान शिविर के दौरान एसडीएम कार्यालय में बुधवार को करीब 15 शिकायतें दर्ज की गई । जिनमें से अधिकतर शिकायत फैमिली आईडी व इनकम कम कराने से संबंधित थी। इसके अलावा बिजली विभाग से संबंधित शिकायत आई। जिसमें बिजली मीटर को लेकर शिकायत की गई थी। इस मामले में एसडीएम श्वेता सुहाग ने सैदपुर एसडीओ को खरखौदा क्षेत्र की जांच के आदेश जारी किए हैं, ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके। इसके अलावा जो भी शिकायत आई उन्हें संबंधित विभागों के पास ट्रांसफर कर दिया है, ताकि समस्याओं का जल्दी से जल्दी समाधान हो सके और पोर्टल पर उन्हें हल किया जा सके। शहर के एक बुजुर्ग दोबारा शिकायत दी है कि उनके पड़ोसी ने गली में सीढ़ियां लगा ली हैं। इस बारे में नगर पालिका को शिकायत ट्रांसफर की गई है, क्योंकि नगर पालिका का कोई भी कर्मचारी आज समाधान शिविर में नहीं पहुंचा था। इसके अलावा उन्हें कारण बताओं नोटिस देने की भी कार्रवाई की जानी है। एसडीएम श्वेता सुहाग ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी समस्याएं समाधान पोर्टल के तहत आ रही है, यथाशीघ्र उनका समाधान किया जाए।



**खरखौदा।** लोगों की शिकायतें सुनते एसडीएम श्वेता सुहाग। *फोटो :हरिभूमि*

# अभियान चलाकर 25 पौधे लगाए

### सीआरजेड स्कूल में पौधरोपण अभियान आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा सीआरजेड स्कूल के ग्राउंड में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह ने पौधा लगाकर अभियान को शुरू किया। उन्होंने पृथ्वी का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। तापमान को सामान्य केवल पेड़ पौधे ही कर सकते हैं। अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज मुहिम में नीम, जामुन, बेलगिरी के 25 पौधे लगाए। इस अवसर पर कोच अनिल हुड्डा, अंग्रजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, पवन मास्टर, बबला मलिक, मनीष मलिक, हर्ष दहिया, राकेश हुड्डा, रामू, आयुष ढोंचक, विक्की के अलावा बास्केटबॉल के खिलाड़ी उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** अभियान के तहत पौधे रोपित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



केमिस्ट एसोसिएशन को संबोधित करते नवनियुक्त प्रधान प्रदीप मलिक।

### प्रदीप मलिक बने केमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान

**खरखौदा।** केमिस्ट एसोसिएशन खरखौदा की कार्यकारिणी व सदस्यों की एक बैठक बुधवार को एसोसिएशन के प्रधान कंवल राज दुआ की अगुवाई में आयोजित की गई। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सभी पदों पर पदाधिकारियों के नियुक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के प्रधान ने दायित्व निभाने में असमर्थता जताई। जिस पर बैठक में मौजूद एसोसिएशन सदस्यों ने दोबारा से कार्यकारिणी गठित करने का फैसला लिया। जिसमें प्रदीप मलिक को प्रधान, प्रवीन सैनी को उपप्रधान, पीयूष मिगलानी को महासचिव, विपुल दुआ को सचिव व अतुल मित्तल को कोषाध्यक्ष चुना गया । सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वह केमिस्ट एसोसिएशन व केमिस्टों के हक में मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर प्रेम बत्रा, हरबीर, शम्मी कपूर, सौरभ सैनी, नागेश, भारत भूषण व आकाश आदि मौजूद रहे।

# सरकार ने 15 सूत्री मांगें पूरी न कर विश्वासघात किया : यादव

- सर्व कर्मचारी संघ गोहाना, मुंडलाना कथुरा खंड की विस्तारित बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

बुधवार को सर्व कर्मचारी संघ गोहाना, मुंडलाना और कथुरा खंड की विस्तारित बैठक सोनीपत रोड स्थित सिंचाई विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ की कथूरा खंड इकाई के अध्यक्ष दिलाव चहल ने की। संचालन गोहाना इकाई के सचिव सुरेश यादव ने किया। मुख्य वक्ता सर्व कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के महासचिव नरेश कुमार ने कहा कि संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अपना 15 सूत्री मांग पत्र दिया था। लेकिन अब तक कर्मचारियों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया और ने ही संघ के प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए बुलाया गया। सरकार कर्मचारियों की मांगों को पूरा न करके विश्वासघात कर रही है। उन्होंने कहा कि संघ ने अपनी मांगें पूरी करवाने के लिए 16 से 30 जुलाई तक सभी जिला मुख्यालयों पर धरना देने का निर्णय लिया है। इस क्रम में 24 जुलाई को सोनीपत जिला मुख्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया जाएगा। महासचिव ने कहा कि सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करे, वेतन विसंगतियां दूर की जाएं, एक्सग्रेशिया पॉलिसी को दोबारा बहाल किया जाए, पंजाब के समान वेतनमान किया जाए। बैठक में देशराज नैन, सुनील कुमार, राजीव खत्री, अर्जुन मलिक, कृष्ण सहरावत, सत्यवान मौजूद रहे।



**कार्यक्रम** | अब तक जिले में 4241 महिलाओं का किया जा चुका चेकअप

महिलाओं को स्वस्थ आहार व पोषण की जानकारी व परामर्श दिया जा रहा

# गर्भवतियों का चेकअप करने के लिए चलाया जा रहा सुरक्षित जननी माह कार्यक्रम : डॉ. जयकिशोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिला सिविल सर्जन डॉ. जयकिशोर ने बताया कि जिला में गर्भवति महिलाओं का चैकअप करने के लिए सुरक्षित जननी माह कार्यक्रम (एसजेएम) चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रसव पूर्व व प्रसव उपरांत जांच स्वास्थ्य विभाग के स्त्री रोग विशेषज्ञ या महिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा सरकारी संस्थानों में की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत खानपुर मेडिकल कॉलेज, जिला नागरिक अस्पताल सोनीपत व गोहाना, गन्नौर व खरखौदा स्थित एसडीएच में सभी कार्यक्रम दिवसों में यह जांच की जा रही है।

इसके अलावा माईकोप्लान के अनुसार यह जांच सभी सीएचसी व पीएचसी पर भी की जा रही है। सीएमओ ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत अभी तक जिला की चार हजार 241 गर्भवति महिलाओं का चैकअप किया जा चुका है, जिसमें लगभग 35 प्रतिशत महिलाओं को अनिमिया पाया गया है। जिसके बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें आयरन, फौलिक ऐसिड की टैबलेट, आयरन सुकरोस के टीके लगाने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर उन्हें रक्त चढ़ाया गया।

### स्वास्थ्य का ध्यान रखें

इस कार्यक्रम के तहत गर्भवति महिलाओं को स्वस्थ आहार व पोषण की जानकारी व परामर्श दिया जा रहा है ताकि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सके और वहीं चीज अपने भोजन में शामिल कर सके, जो उनको इस समय सबसे जरूरी है।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारी के साथ महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*

# जर्जर जलघरों की मरम्मत की जाए

- कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

आज हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के शिष्टमंडल ने ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सोनीपत अधीक्षक अभियंता राजीव गुप्ता के साथ उनके कार्यालय में बैठक की। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि आज संस्था शिष्टमंडल द्वारा अधीक्षक अभियंता के साथ संस्था शिष्टमंडल द्वारा कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों बारे के समाधान को लेकर बैठक की। संगठन द्वारा कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने को लेकर अधीक्षक अभियंता कार्यालय को मौखिक और लिखित में अनेकों बार मांग पत्र सौंपा हुआ है, परंतु कर्मचारियों की बहुत सी मांगे अभी तक पेंडिंग हैं। जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। जिसके लिए संगठन द्वारा अधीकक्ष अभियंता को कर्मचारियों की मांगों का जल्द समाधान करने को कहा गया अन्यथा कर्मचारियों के रोष को देखते हुए संगठन आंदोलन करने पर मजबूर होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी। कर्मचारियों की मुख्य मांगेः पदोन्नति सूची ठीक करने उपरांत प्रमोशन करने, बकाया मेडिकल जीपीएफ शिक्षा भंते बिलों का भुगतान, जर्जर पड़े जलघरों की मरम्मत, स्टाफ क्वार्टरों की रिपेयर और नए स्टाफ क्वार्टर भवनों का निर्माण किया जाए।



**सोनीपत।** अधीक्षण अभियंता के साथ बैठक करते यूनियन के पदाधिकारी।

## खबर संक्षेप



### समधाना शिविर में फरियाद लेकर पहुंचे पीड़ित

**सोनीपत।** बुधवार को प्राप्त शिकायतों में सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड से संबंधित रही। इस श्रेणी में कुल 96 शिकायतें आई, जिनमें एक भी शिकायत का समाधान नहीं हुआ। 16 शिकायतें शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित थी, ये सभी भी लंबित रखी गई हैं। 11 शिकायतें रजिस्ट्री और इंतकाल से संबंधित पाई गई, जिसमें से केवल 1 का समाधान हो पाया। जिला समाज कल्याण से संबंधित 11 शिकायतों में से 6 का समाधान हुआ और 5 लंबित रखी गई हैं।

### गवाही देने के मामले में जान से मारने की धमकी

**गन्नौर।** अदालत परिसर से निकलने के अदालत में गवाही देने के मामले में मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर युवक ने अपने गांव के ही पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज करवाते हुए कार्रवाई की मांग की। गन्नौर थाना पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव पुगथला के युवक ने बताया कि गांव के ही दलेल के साथ मुकदमा चला हुआ है। कोर्ट में तारीख के फैसले के बाद कोर्ट से बाहर आ रहे थे तो मेरे साथ मेरा भाई सुभाष, मेरा वकील साथ थे।



### विवि प्रबंधन के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों ने तय कार्यक्रम के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रधान आनंद राणा की अगुवाई में लामबंद होकर सुबह 9:30 बजे से अनिश्चितकालीन धरने की शुरूआत करते हुए नारेबाजी की। राणा ने बताया कि आज विश्वविद्यालय का प्रत्येक कच्चा व पक्का कर्मचारी विश्वविद्यालय प्रशासन की तानाशाही नीतियों से परेशान है।

### 50 लाख रुपये का बजट प्रतिवर्ष मांगा

# ऊंट पर बैठकर आए जिला पार्षद नारे लगा बैठक का किया बहिष्कार

**जुलूस निकालकर सचिवालय तक पहुंचे जिला पार्षदों ने बैठक करने की बजाए यहां पर नारेबाजी शुरू कर दी**



सोनीपत। ऊंट पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला पार्षद।



सोनीपत। जिला परिषद की बैठक का बहिष्कार कर नारेबाजी करते हुए पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला परिषद की बैठक का बुधवार को जिला पार्षदों ने बहिष्कार कर दिया। ऊंट पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करते हुए डीआरडीए हॉल तक पहुंचे जिला पार्षदों ने लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान छोटूराम चौक से लेकर लघु सचिवालय तक जुलूस निकाला गया। जुलूस निकालकर सचिवालय तक पहुंचे जिला पार्षदों ने जिला परिषद की बैठक करने की बजाए यहां पर नारेबाजी शुरू कर दी। इसके कुछ देर बाद बैठक का बहिष्कार कर दिया। इस दौरान जिला पार्षदों ने 12 जुलाई को चंडीगढ़ में होने वाली कैबिनेट की बैठक में पार्षदों की मांगों पूरा करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन के दौरान जिला पार्षद संजय बड़वासनी, संत कुमार ने कहा कि उनका पद ऊंट के समान ऊंचा तो है लेकिन काम जीरे के समान है। सरकार से अधिकार नहीं मिलने के कारण वह काम नहीं करा पा रहे हैं। सरकार की तरफ से पार्षदों को कोई ग्रांट नहीं दी जा रही। जिसकी वजह से लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं कर पा रहे हैं। खुद का बजट न होने के कारण गांवों में विकास कार्य करवाने में पार्षद सक्षम नहीं है। उनकी मांग है कि सांसद व विधायक की तर्ज पर जिला पार्षदों को अलग से 50 लाख रुपये का बजट प्रतिवर्ष दिया जाए। पंचायत में काम बांटने के कारण जिला परिषद की शक्तियां कम कर दी गई हैं। उनको काम करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, जिससे वह विकास कार्य अपनी मर्जी से करवा सकें। जिला परियोजना समिति का गठन किया जाए और पेंशन की व्यवस्था की जाए। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो प्रदेशभर के जिला पार्षद मुख्यमंत्री आवास पर धरना शुरू कर देंगे।

**बैठक स्थगित**

गांवों के विकास कार्यों को लेकर जिला पार्षदों की बैठक बुलाई गई थी। जिला पार्षद अपनी मांगों को लेकर विरोध कर रहे थे, जिसके चलते उन्होंने बैठक में भाग लेने से मना कर दिया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की जानी थी, लेकिन पार्षदों के नहीं पहुंचने के कारण बैठक को स्थगित कर दिया। जल्द ही दोबारा बैठक बुलाई जाएगी।
**डॉ. सुशील मलिक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद सोनीपत**

इसके बाद जिला पार्षद अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय परिसर में डीआरडीए हॉल के बाहर पहुंचे और वहां पर उन्होंने नारेबाजी की। साथ ही उन्होंने जिला परिषद की बैठक का बहिष्कार किया। इस पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुशील मलिक ने बैठक स्थगित कर दी। प्रदर्शन के दौरान जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन कल्पना, पार्षद रवि इंदौरा, सतीश कुमार, संत कुमार, राजेश गंगाना, देवेंद्र कुमार समेत अन्य पार्षद भी मौजूद रहे।




### दावा : दो पंजाबियों के बीच होगा चुनाव



सोशल मीडिया वाले नेताजी का दावा है कि उनकी ही नहीं बल्कि दूसरी बड़ी पार्टी से भी इस बार विधानसभा में उम्मीदवार पंजाबी ही होगा। कमाल की बात ये है कि पूर्व विधायक और मौजूदा विधायक दोनों ही पंजाबी नहीं है, इसके बावजूद उनका दावा हैं कि दो पंजाबियों के बीच चुनाव होगा। **डिस्कलेमर** : उनकी इस बात पर किसी ने भी उनकी राजनीतिक समझ पर सवाल नहीं उठाया।

### सैल्फ सर्वे पर भारी पड़ गई तारीख



भाजपा के कुछ उम्मीदवारों की पिछले दिनों सैल्फ सर्वे की होड़ लगी थी। इसी बीच तारीख पर तारीख मिलते हुए आखिरकार वीरवार की तारीख पर एक और उम्मीदवार भाजपा को ज्वाइन कर रहा है। भाजपा ज्वाइन कर रहे इस जिम्मेदार युवा नेता के आने से पुराने दावेदारों के सैल्फ सर्वे फेल होने का खतरा बन गया है।

### कामचोरी नहीं कांग्रेस की सपोर्ट थी वजह



जिला प्रशासन ने एक पटवारी को सस्पेंड किया था। काम ना करने और लोगों पर बदतमीजी के आरोपों के लगाए गए थे। लेकिन सुनने में आया है कि इन आरोपों की बजाए पटवारी द्वारा लगातार कांग्रेस की सपोर्ट करने की वजह से उसे सस्पेंड किया गया है। हालांकि सस्पेंशन के बाद पटवारी अब और मुखर होकर कांग्रेस के पक्ष में जुट गए हैं।

### एक दिन में पहुंचें पोस्टर से भरे 5 कैंटर



जिले से प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति पर इतने तो खुद प्रदेशाध्यक्ष खुश नहीं है, जितने जिले के अलग-अलग हलकों के दावेदार खुश हो गए हैं। एक दिन में नेताजी के कार्यालय के बाहर चार-पांच कैंटर भरकर पोस्टर-बैनर पहुंच चुके हैं। कार्यालय के आजू-बाजू के पूरे हिस्से को बैनरों से ढंकते हुए पोस्टर वार शुरू कर दी गई है।

### युवा नेता, एक और धमकी



सत्ताधारी दल के एक युवा नेता आए दिन किसी ना किसी कंट्रोवर्सी में पड़े ही रहते हैं। होस्पिटालिटी से जुड़े युवा नेता वैसे तो स्वभाव से विनम्र हैं, लेकिन ना जाने क्यों हाल-फिलहाल में उन पर धमकी देने के आरोप लग रहे हैं। एक चुने हुए प्रतिनिधि के पति ने युवा नेता पर गुंडों जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया था।



गन्नौर। आशु रापडिया का हरियाणा सिविल सर्विस में चयन स्वागत करते कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मनोज व स्कूल प्रधानाचार्या । *फोटो : हरिभूमि*

### एचएसीएस अलाइड में चयन पर छात्रा का सम्मान

गन्नौर । हरियाणा सिविल सर्विस अलाइड में चयनित जैन स्कूल की छात्र रही आशु रापडिया का विद्यालय प्रधानाचार्या भूषण भाटिया, कालेज के प्राचार्य डॉ. मनोज नए स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में फूलमालाओं से स्वागत किया। भाटिया ने संबोधित करते हुए कहा कि आशु बचपन से ही प्रतिभावन व्यक्तित्व की रही है। आशु ने यहां तक पहुंचने के लिए सतत प्रयास किए और सफलता प्राप्त की। अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह में आशु के पिता विरेंद्र रापडिया व भाई अक्षय रापडिया को भी सम्मानित किया गया। आशु रापडिया ने बच्चो को सम्बोधित करते हुए कहा की शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं समय समय पर उत्साहवर्धन के परिणाम स्वरूप ही यह सफलता प्राप्त की है। स्कूल में दी जाने वाली शिक्षा को नियमित पढने से ही उपलब्धि हासिल की जा सकती है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने आशु को सम्मानित किया व जीवन में और आगे बढने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आप जैसी होनहार बेटियों पर हमे गर्व है। इस मौके पर उप- प्रधानाचार्या शालिनी जैन व मोनिका पराशर ने आशु व उनके परिजनों का सम्मान किया।

## बडौली को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर जश्न

- संगठन के कार्यों का ज्ञान व मुख्यमंत्री के साथ है बेहतर तालमेल : नेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। आजाद सिंह नेहरा के नेतृत्व में बडौली को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर लड्डु बांट कर खुशी मनाते हुए कार्यकर्ता । *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताअरं ने गन्नौर मे वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा के नेतृत्व मे मोहनलाल बडौली को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर लड्डु बांट कर खुशी मनाई और साथ ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। आजाद सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मोहनलाल बडौली ने सगंठन में मण्डल अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष, महासचिव के पदों पर कार्य करते हुए आज प्रदेश अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद नियुक्ति मिली । इनका संगठनात्मक कार्यों का भरपूर ज्ञान और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ भी बेहतर तालमेल है । जिससे कार्यकताअरं में बहुत ही अच्छा उत्साह है। जिसका आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की तीसरी बार सरकार बननी निश्चित है । इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष संजय गौतम , ओ बी सी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित, सुभाष सरोहा, मण्डल महामंत्री सुखबीर प्रजापति, अजय जैन ,सुरेन्द्र खुराना प्रजापति समाज के प्रधान मास्टर रामगोपाल, उपाध्यक्ष ठेकेदार प्रेम सिंह एडवोकेट, जगबीर राठी, रविन्द्र रोहिल्ला , श्रवण कौशिक अशोक, पवन शर्मा पुगथला , संदीप कुमार शेखपुरा , संदीप प्रभाकर, रणबीर फौजी, रमेश हवलदार, लक्ष्मण आदि रहे।



भाजपा जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई कार्य का निरीक्षण करते हुए ।

## पंपिंग स्टेशन के कार्य को उच्च गुणवत्ता से पूरा करने के लिए अधिकारियों के साथ किया दौरा

- 7 करोड़ 40 लाख की लागत से हो रहा पंपिंग स्टेशन का कार्य : पुनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई

भाजपा जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने अपने वार्ड में चल रहे है कार्य का निरीक्षण किया व नगर निगम के संबंधित अधिकारी के साथ बातचीत कर जनहित की परेशानियों को देखते हुए जल्द से जल्द चल रहे 17 करोड़ 40 लाख की लागत से हो रहे पंपिंग स्टेशन के कार्य को उच्च गुणवत्ता से पूरा करने के लिए चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल्द काम को पूरा कर वार्ड की समस्या का स्थायी समाधान कर लिया जाएगा। इस अवसर पर रामकरण हुड्डा , राकेश कौशिक, राकेश त्यागी, प्रवेश शर्मा, नरेश पांचाल, छोटे लाल आदि उपस्थित रहे । ज्ञात रहे कि नगर निगम के वार्ड 8 में जलनिकासी के लिए नगर निगम की तरफ से पंप स्टेशन बनाया जाएगा। इसके जरिये वार्ड के पानी को एकत्रित करने के बाद उसे पाइप लाइन के माध्यम से बाहर ड्रेन में डाला जाएगा। पंप स्टेशन निर्माण की शुरूआत निगम पार्षद व भाजपा नेता पुनीत राई ने नारियल तोड़कर करके की थी । वार्ड में कई बार जगह-जगह जलभराव की समस्या होती है। बारिश के पानी को अब पंप स्टेशन के माध्यम से बाहर किया जाएगा। इसके तहत पंप स्टेशन बनाया जाएगा, पंप के माध्यम से वार्ड का पानी ड्रेन में डाला जाएगा।

## वॉर्डन के खिलाफ धरने पर बैठे शोधार्थी

- दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शोधार्थियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। डीक्रस्ट में धरना देकर विरोध प्रदर्शन करते हुए शोधार्थी।

दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शोधार्थी चीफ वार्डन के खिलाफ बुधवार से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये हैं। उनका कहना है कि बॉयज हॉस्टल के चीफ वार्डन ने एक फरमान जारी किया है। इस फरमान के अनुसार शोधकर्ताओं को तुरन्त हास्टल खाली करने को कहा गया है। साथ ही जो भी रिसर्च स्कॉलर अपनी रिसर्च के 4 साल पूरी कर चुके हैं, उन्हें दोबारा हॉस्टल रूम अलॉट नहीं किया जाएगा। ऐसा किसी भी प्रकार का कोई भी नियम किसी भी यूनिवर्सिटी में नहीं है। यूनिवर्सिटी के पीएचडी आर्डिनेंस के अनुसार 6 साल तक कोई भी रिसर्च स्कॉलर रेगुलर रिसर्च कर सकता है तो ऐसे में इस तुगलकी फरमान का मतलब समझ नहीं आ रहा है। चीफ वार्डन की नियुक्ति भी सभी नियमों की धज्जियां उड़ाकर की गई। यह नियुक्ति यूनिवर्सिटी में भाई भतीजावाद के चलते की गई है। हॉस्टल में वार्डन्स अपने कार्यकाल पूरा करने के बाद भी अपने पद पर बने हुए हैं। हॉस्टल में जान बूझकर ऐसे नियम बनाये जा रहे हैं जिनसे छात्रों को प्रताड़ित किया जा सके।



गोहाना। बेटी सृष्टि को सम्मानित करते हुए समाज के प्रतिनिधि।

### गांव करेवड़ी की बेटी सृष्टि को किया सम्मानित

गोहाना। पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज गोहाना एवं अखिल भारतीय जोगी योगी समाज हरियाणा ने गांव करेवड़ी की बेटी सृष्टि पुत्री जयवीर को सम्मानित किया। सृष्टि ने पर्यावरण परिवर्तन विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करके अपने गांव व समाज का नाम रोशन किया है। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बीते रविवार को भी सृष्टि को सम्मानित किया था। सम्मान समारोह की संयुक्त अध्यक्षता पिछड़ा समाज के वयोवृद्ध नेता रामदिया रतेवाल व जोगी समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त एसडीओ सत्यपाल योगी ने की। युवा शिव कुमार रंगीला ने कहा कि सत्यपाल योगी से प्रेरणा लेकर हम हर श्रेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को उनके गांव में जाकर सम्मानित करेंगे। म्मान समारोह में सृष्टि बेटी के दादा, परिवार व गोहाना से सज्जन सिंह, प्रदीप डिघलिया, विक्रम, सुभाषचंद्र, सुनील एडवोकेट, प्रदेशाध्यक्ष सत्यपाल योगी, महिपाल, राजबीर योगी विशाल योगी आदि मौजूद रहे।

### प्रदेश में अपराध चरम पर, भ्रष्टाचार भी खूब



**गोहाना।** बरोदा हलका के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि भाजपा शासनकाल में अपराध व भ्रष्टाचार चरम पर है। आज प्रदेश में कोई भी वर्ग स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। विधायक ने कहा कि प्रदेश में रोजाना चोरी, हत्या, ढकैती, धमकी, रंगदारी मांगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। हालात ये हो गए हैं कि भाजपा के कार्यक्रमों में नेता भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व वाले कांग्रेस कार्यकाल तारीफ कर रहे हैं। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान बदमाशों को एनकाउंटर करके ठिकाने लगाने का काम किया जाता था। जिससे प्रदेश की जनता अमन, चैन व शांति से जीवन यापन कर रही थी।



गोहाना। बैठक के बाद प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

### कर्मचारी जिला उपायुक्त को देंगे 26 सूत्रीय मांग पत्र

**गोहाना।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबंधित हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ जिला कमेटी सोनीपत कार्यकारिणी की बैठक कार्यकारी अभियंता जनस्वास्थ्य कार्यालय गोहाना में यूनियन कार्यलय में आयोजित की गई। कर्मचारियों ने सरकार पर उनके हितों की अनदेखी करते हुए मांगें पूरी न करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश शर्मा ने की। संचालन ब्रांच गोहाना के सचिव व राज्य कमेटी के प्रैस सचिव अनिल मलिक ने किया। प्रैस सचिव अनिल मलिक ने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की मांगें पूरी न करके उनके हितों की अनदेखी का रही है। लंबित मांगें पूरी करवाने के लिए प्रदेश कमेटी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में 8 से 26 जुलाई तक जिला स्तरीय रोष प्रदर्शन कर जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को 26 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा जाएगा। सोनीपत में जिला स्तरीय प्रदर्शन 18 जुलाई को होगा। इसके बाद भी अगर मांगें पूरी नहीं की तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। बैठक में जयभागवान पांचाल, श्याम चंद, राजेंद्र नरवाल, जयभागवान गहलावत, रघुवीर सिंह, रणधीर मलिक, रवि कुमार, संसार सिंह, कर्मवीर, दयानंद, जगदीश गामड़ी, राजेश, रवि मलिक, परमानंद, रणधीर कुंडू, नरेश नांदल और राजबीर मौजूद रहे।

### 173 शिकायतें, 8 का समाधान, 165 लंबित

**सोनीपत।** समाधान शिविर की कड़ी में बुधवार को लगाए गए समाधान शिविर में 173 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर 8 शिकायतों का ही समाधान हो पाया, बाकि की 165 शिकायतें लंबित की श्रेणी में रखी गई हैं। ओवरऑल आंकड़ें की बात करें तो आज तक जिले में लगाए समाधानर शिविरों के माध्यम से कुल 2436 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

इनमें से 936 का समाधान हो चुका है, जबकि 1500 लंबित की श्रेणी में हैं। बुधवार को उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर लोगों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारी इन शिकायतों का यथाशीघ्र समाधान करें। ताकि लोगों को समस्याओं से निजात मिल सके।

### फैज बाजार के युवक से टास्क पूरा करने के नाम पर 10.60 लाख ठगे

# साइबर ठगी : तीन लोगों से ऐंठे 11 लाख रुपये

- रसोई गांव के युवक को होम लोन देने के नाम पर 23 हजार रुपये की चपत
- महिला को मोबाइल देने के नाम पर पति से 16 हजार रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



जिले में साइबर ठगों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कभी मोटे मुनाफे का तो कभी बैंक से संबंधित सेवाओं का झांसा देकर आए दिन लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। रोजाना हो रही ठगी के चलते आमजन परेशान है, जबकि पुलिस केवल केस दर्ज करने तक सीमित रह गई है। बुधवार को भी लाखों रुपये ऐंठने के मामले सामने आए हैं। इसमें शहर के फेज बाजार के युवक को झांसे में लेकर टास्क पूरा करने के नाम पर 10.60 लाख रुपये ठग लिए गए। वहीं रसोई के युवक को होम लोन देने के नाम पर 23 हजार व महिला को मोबाइल देने के नाम पर उनके पति से 16 हजार रुपये ऐंठ लिए गए।

फेज बाजार निवासी अनिल ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि 23 जून को उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज आया था। जिसमें उन्हें इलेक्ट्रॉनिक सामान की बोली लगाने का टास्क दिया गया। जिससे वह उनकी बातों में आ गए। उन्होंने एक टेलीग्राम लिंक से जोड़ दिया गया। उसके बाद उनसे 25 जून को साढ़े दस हजार रुपये खाते में डलवाए और उन्हें 15,259 रुपये दिए गए। बाद में 26 जून को 20 हजार डलवाकर 23,900 रुपये दिए गए। 27 जून को दो बार में 30 हजार व 12,445 रुपये लेकर 53,280 रुपये दिए। 28 जून को 50 हजार लेकर 63,414 रुपये वापस किए गए। फिर उन्हें एक बोली में पैसे लगाने को कहा। उनसे 29 जून को रुपये लगवाए गए। उनसे कुल 10 लाख 60 हजार 635 रुपये ऐंठ लिए गए। उन्होंने अपने रुपये वापस करने को कहा तो 11 लाख 95 हजार 799 रुपये मांगे गए। तब उन्हें ठगी का पता लगा और पुलिस को अवगत कराया।

### होम लोन का झांसा देकर 23 हजार ठगे

मूलरूप से बिहार के जिला दरभंगा के गांव बिजुलिया निवासी मक्खन पंडित ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह गांव रसोई में किराए पर रहते हैं। वह ऑटो मोबाइल कंपनी में काम करते हैं। उनके मोबाइल पर 8 जुलाई की शाम को एक नंबर से कॉल आई थी। जिसने कहा था कि आपके पापा ने मकान के लिए लोन अप्लाई किया था। वह ग्राहक सेवा केंद्र से बोल रहे हैं। आपका लोन पास होकर आ गया है। साथ ही कॉल करने वाले ने उनसे रुपये डालने के नाम पर बैंक खाता नंबर देने की मांग की। जिस पर उन्होंने अपना फोन-पे नंबर दे दिया। इस पर कॉल करने वाले ने कहा कि एक रुपया भेजा है, पहले चेक कर लीजिए। जैसे ही वह खाते में रुपये चेक करने लगे तो उनके खाते से 23002 रुपये कट गए। जिस पर धोखाधड़ी का अहसास हुआ और पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मोबाइल बेचने की बात कहकर 16 हजार ऐंठे

गांव भठगांव निवासी सुनील ने सदर थाना पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी ने 6 जुलाई को सोशल मीडिया पर एक मोबाइल देखा था। जिसे खरीदने के लिए बुक किया गया था, जिसकी कीमत 1499 रुपये दिखाई गई थी। जिसे खरीदने के लिए उन्होंने उनके मोबाइल से ऑर्डर कर दिया था। उसके बाद उनके पास पैसे भेजने को मैसेज आने लगे। उनके पास एक स्कैनर भेजा गया। उन्होंने उस पर दो सौ रुपये भेजने का प्रयास किया तो वह नहीं गए।